राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई

जयपुर, 21 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को राजभवन में श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाई। जस्टिस श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन ने अंग्रेजी में शपथ ली।

समारोह के प्रारम्भ में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने राज्यपाल से श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा जारी मुख्य न्यायाधिपति की नियुक्ति अधिसूचना एवं वारंट पढ़कर सुनाया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा और मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं मुख्य न्यायाधीश श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन के परिजन उपस्थित रहे।

----

## भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री निश्चय प्रसाद ने राज्यपाल के परिसहाय का पदभार संभाला

जयपुर, 21 जुलाई। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री निश्चय प्रसाद ने सोमवार को राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे के परिसहाय के रूप में पदभार ग्रहण किया है। राज्यपाल ने श्री प्रसाद को शुभकामनाएं दी है।

------




सत्यमेव जयते
राजभवन, राजस्थान


सत्यमेव जयते
राजभवन, राजस्थान

